विशेष | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में जल्द ही शुरू होंगें नए कोर्स

आईआईएम में नए सत्र से होगी ऑनलाइन एचआर, मास्टर इन हेल्थ मैनेजमेंट की पढ़ाई

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम रायपुर नए सत्र से दो नए कोर्स शुरू करने जा रहा है। इस साल से एचआर मैनेजमेंट में आर्नलाइन पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम और मास्टर इन हेल्थ मैनेजमेंट की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए एडमिशन प्रोसेस भी शुरू हो गई है। ऐसे आंत्रप्रेन्योर्स और वर्किंग प्रोफेशनल्स जो मैनेजमेंट स्किल बेहतर करने के लिए पढ़ना चाहते हैं, लेकिन काम में बिजी होने और समय की कमी के कारण पढ़ नहीं पाते, उन्हें ध्यान में रखकर एचआर में ईपीजीपी प्रोग्राम को डिजाइन किया गया है। यह दो साल का प्रोग्राम होगा जिसमें 1 हजार घंटे की क्लास लगेगी। वहीं हेल्थ मैनेजमेंट का कोर्स आईआईएम और एम्स रायपुर ने मिलकर शुरू किया है। जल्द ही नए कोर्स भी शुरू किए जाएंगे।

2 साल का होता है ईपीजीपी प्रोग्राम

कैंपस में ईपीजीपी प्रोग्राम पहले से संचालित किए जा रहे है। यह 2 साल का मास्टर प्रोग्राम है। अभी एचआर प्रोग्राम पर नया बैच शुरू किया जा रहा है। दो साल का मास्टर प्रोग्राम है। जिसका पहला बैच 2023-25 में शुरू होगा। इसमें 1 हजार घंटों की क्लास लगेगी साथ ही स्टूडेंट्स को कोर्स के दौरान 10 दिनों के लिए कैंपस एक्सपीरियंस करने का मौका भी मिलेगा। इसमें ऐसे स्टूडेंट्स जो आंत्रप्रेन्योरशिप में इंटरेस्ट रखते है उन्हें भी सपोर्ट किया जाएगा। प्रोग्राम के तहत लाइव लेक्चर, केस स्टडी, केस डिस्कशन के जरिए पढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही असाइनमेंट और प्रोजेक्ट, इंडस्ट्री रिलेवेंट एक्सपेरिएंशियल लर्निंग मास्टर क्लासेस ली जाएंगी। पार्टिसिपेंट्स को कोर्स के जरिए एचआर मैनेजमेंट के अलग-अलग पहलुओं जैसे एडमिशन, एम्प्लाय मैनेजमेंट, टैलेंट मैनेजमेंट प्रॉफिट आदि की पढ़ाई होगी।

एम्स और आईआईएम ने शुरू किया है कोर्स

एम्स और आईआईएम के एमओयू किया है। जिसके अंतर्गत मिलकर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के साथ ही एकेडमिक डेवलपमेंट, एकेडमिक एक्सचेंज जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अंतर्गत मास्टर इन हेल्थ मैनेजमेंट भी शुरू किया गया है। कोर्स के तहत हेल्थ मैनेजमेंट में एडमिनिस्ट्रेशन, सप्लाय मैलेजमेंट, हॉस्पिटल ऑपरेशन मैनेजमेंट जैसे अलग-अलग तरह की पढ़ाई होगी।

आईआईएम का 12वां दीक्षांत समारोह कल

आईआईएम रायपुर का 12 वां दीक्षांत समारोह कल 24 अप्रैल को कैंपस में रखा गया है। समारोह में चीफ गेस्ट नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान होंगे। इसके साथ ही बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष श्यामला गोपीनाथ, डायरेक्टर प्रोफेसर राम कुमार काकानी मौजूद रहेंगे। इस दौरान 273 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जाएगी। इसमें पीजीपी 2020-22 बैच के 17, 233 डिग्री पीजीपी 2021-23 बैच, 21 डिग्री पीजीपीएमडब्ल्यूई 2020 और 2 डिग्री ईएफपीएम के स्टूडेंट्स को दिए जाएंगे।

Dainik Bhaskar, 23rd April, 2023. P. 04